परिचायक-टिप्पणी

"व्यय की रूपरेखा" में भारत सरकार के सामान्य वित्तीय निष्पादन की रूपरेखा दर्शाने के लिए सभी विभागों/ मंत्रालयों के तत्संबंधी आंकड़ों को संकलित किया गया है।

"यह" व्याख्यात्मक दस्तावेजों में से एक दस्तावेज है, जो आर्थिक विश्लेषणों के लिए सहायक है। इस दस्तावेज में उल्लिखित विवरण मंत्रालयों/विभागों द्वारा दिए गए आंकड़ों/जानकारी के आधार पर तैयार किए जाते हैं। कुछ विवरण व्यय बजट में उल्लिखित आंकड़ों पर आधारित हैं।

इस दस्तावेज के विवरण महत्वपूर्ण नीतिगत क्षेत्रों जैसे महिलोन्मुखी बजट, बाल कल्याण, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए संसाधन आबंटन, अ.जा./अ.ज.जा. कल्याण आदि को प्रदर्शित करते हैं। इसके अतिरिक्त, योजनाओं, सब्सिडियों, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश, सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के संसाधनों, स्वायत्त निकायों को सहायता के प्रकारों से संबंधित समेकित सूचना सरकार के विभिन्न क्षेत्रों के उपयोग के वृहत परिप्रेक्ष्य उपलब्ध कराती है। वर्ष 2017-18 में रेल बजट को केन्द्रीय बजट के साथ आमेलित करने के पश्चात, विवरण, रेल मंत्रालय के संव्यवहार का विस्तृत विश्लेषण करने के लिए जोड़े गए थे।

प्रयास किए गए हैं कि न्यूनतम पुनरावृत्ति, सारणियों और सुस्पष्टता के विस्तृत प्रति-निर्देशन, संक्षिप्त पाद टिप्पणियों के साथ सूचना प्रदान की जाए ताकि किसी तत्वदर्शी विश्लेषक और आम पाठक दोनों के लिए सूचना अधिकतम व्यवहार्य हो। "व्यय की रूपरेखा" को पांच भागों में बांटा गया है, नामतः, भाग 1 - सामान्य, भाग II - राज्य, भाग III - विदेशी क्षेत्र, भाग IV - स्थापना और सरकारी उद्यम और भाग V - रेलवे के विवरण। पाद टिप्पणियां केवल वहीं प्रदान की गई हैं जहां प्रविष्टियां स्वतः स्पष्ट नहीं हैं और घटक अथवा स्पष्टीकरण सहज बोध योग्य नहीं हैं और इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि के लिए पाद टिप्पणी नहीं है।

2017-18 के लिए वास्तविक आंकड़े अनंतिम हैं।